भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 471**
जिसका उत्तर 06.02.2025 को दिया जाना है
**भारतमाला परियोजना**

471. श्री सी. एन. अन्नादुरई:
श्री जी. सेल्वमः
श्री नवसकनी के.:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतमाला परियोजना की समग्र प्रगति का अब तक पूरे किए गए राजमार्गों और एक्सप्रेसवे की संख्या सहित ब्यौरा क्या है;

(ख) भारतमाला परियोजना के अंतर्गत वर्तमान में निर्माणाधीन परियोजनाओं की संख्या कितनी है और उनके पूरा होने की अनुमानित समय सीमा क्या है;

(ग) भारतमाला परियोजना के लिए आवंटित कुल बजट और अब तक उपयोग की गई राशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) भारतमाला परियोजना से किस प्रकार सुदूर और आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर हुई है; और

(ङ) क्या चरण-दो के अंतर्गत भारतमाला परियोजना का विस्तार करने की योजना है, यदि हां, तो इसके लिए प्रस्तावित लक्षित क्षेत्र या गलियारे कौन से हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) भारत सरकार ने 2017 में भारतमाला परियोजना को मंजूरी दी थी, जिसके अंतर्गत देश भर में 34, 800 किलोमीटर की लंबाई शामिल है। 31.12.2024 तक, कुल 26,425 किलोमीटर की लंबाई वाली परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है और एक्सप्रेसवे सहित किलोमीटर का निर्माण किया जा चुका है। भारतमाला परियोजना के तहत परियोजनाओं के पूरा होने की अनुमानित समय-सीमा वित्त वर्ष 2027-28 है।

(ग) भारतमाला परियोजना के अंतर्गत मंत्रालय द्वारा अपनी निष्पादन एजेंसियों को कोई अलग से आवंटन नहीं किया जाता है। तथापि, पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान भारतमाला परियोजना सहित राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए बजटीय आवंटन अनुलग्नक में दिया गया है ।

(घ) भारतमाला परियोजना का उद्देश्य देश में लॉजिस्टिक्स दक्षता और संपर्कता (कनेक्टिविटी) में पर्याप्त सुधार करना है, जिसमें जनजातीय, आकांक्षी और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों तक कनेक्टिविटी शामिल है। इन क्षेत्रों में राजमार्ग कनेक्टिविटी से सामाजिक-आर्थिक विकास में तेजी आएगी। इसके अलावा, हाई-स्पीड कॉरिडोर के विकास से प्रमुख आर्थिक केंद्रों के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा।

(ड.) जी, नहीं वर्तमान में परियोजनाओं का मूल्यांकन और अनुमोदन सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्टैंड-अलोन आधार पर किया जा रहा है।

**अनुलग्नक**

**भारतमाला परियोजना के संबंध में श्री सीएन अन्नादुरई, श्री सेल्वम जी और श्री नवसकानी के द्वारा 6 फरवरी, 2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 471 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

| राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव पर समग्र - राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार व्यय | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | राशि करोड़ रुपये में |
| क्रमांक. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | | 2024-25 (31.12.2024 तक) | |
| | | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 6,618 | 6,618 | 4,281 | 4,281 | 5,890 | 5,890 | 6,957 | 6,957 | 11,440 | 11,440 | 8,844 | 7,833 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1,710 | 1,710 | 2,512 | 2,512 | 2,718 | 2,718 | 3,140 | 3,140 | 2,649 | 2,649 | 3,295 | 1,836 |
| 3 | असम | 2,436 | 2,436 | 3,753 | 3,753 | 3,150 | 3,150 | 4,557 | 4,557 | 9,137 | 9,137 | 4,604 | 4,329 |
| 4 | बिहार | 4,392 | 4,392 | 6,716 | 6,716 | 9,174 | 9,174 | 9,347 | 9,347 | 10,749 | 10,749 | 6,159 | 5,599 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1,653 | 1,653 | 2,224 | 2,224 | 1,936 | 1,936 | 2,468 | 2,468 | 4,255 | 4,255 | 1,328 | 902 |
| 6 | गोवा | 977 | 977 | 734 | 734 | 615 | 615 | 673 | 673 | 620 | 620 | 782 | 372 |
| 7 | गुजरात | 5,102 | 5,102 | 7,533 | 7,533 | 10,710 | 10,710 | 9,831 | 9,831 | 10,900 | 10,900 | 5,641 | 5,214 |
| 8 | हरियाणा | 6,721 | 6,721 | 10,651 | 10,651 | 7,203 | 7,203 | 3,924 | 3,924 | 6,062 | 6,062 | 2,860 | 2,745 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1,238 | 1,238 | 2,033 | 2,033 | 3,164 | 3,164 | 4,534 | 4,534 | 5,175 | 5,175 | 2,833 | 2,578 |
| 10 | झारखंड | 2,312 | 2,312 | 2,627 | 2,627 | 2,853 | 2,853 | 3,127 | 3,127 | 4,599 | 4,599 | 3,848 | 3,491 |
| 11 | कर्नाटक | 7,860 | 7,860 | 5,838 | 5,838 | 7,681 | 7,681 | 6,763 | 6,763 | 12,695 | 12,695 | 8,518 | 7,026 |
| 12 | केरल | 1,265 | 1,265 | 12,831 | 12,831 | 10,136 | 10,136 | 3,994 | 3,994 | 10,419 | 10,419 | 2,349 | 2,267 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 6,429 | 6,429 | 8,250 | 8,250 | 9,006 | 9,006 | 6,210 | 6,210 | 7,447 | 7,447 | 5,381 | 4,794 |
| 14 | महाराष्ट्र | 24,166 | 24,166 | 20,844 | 20,844 | 18,655 | 18,655 | 18,355 | 18,355 | 19,867 | 19,867 | 14,930 | 12,563 |
| 15 | मणिपुर | 1,180 | 1,180 | 978 | 978 | 2,142 | 2,142 | 2,737 | 2,737 | 2,598 | 2,598 | 1,350 | 1,336 |
| 16 | मेघालय | 901 | 901 | 861 | 861 | 819 | 819 | 684 | 684 | 1,803 | 1,803 | 912 | 862 |
| 17 | मिजोरम | 1,252 | 1,252 | 1,238 | 1,238 | 2,054 | 2,054 | 3,218 | 3,218 | 2,189 | 2,189 | 989 | 927 |
| 18 | नगालैंड | 1,003 | 1,003 | 2,382 | 2,382 | 1,943 | 1,943 | 1,666 | 1,666 | 1,414 | 1,414 | 1,117 | 932 |
| 19 | ओडिशा | 3,355 | 3,355 | 5,336 | 5,336 | 4,510 | 4,510 | 4,643 | 4,643 | 5,948 | 5,948 | 4,555 | 3,818 |
| 20 | पंजाब | 2,777 | 2,777 | 3,301 | 3,301 | 7,179 | 7,179 | 10,093 | 10,093 | 12,419 | 12,419 | 6,656 | 6,255 |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | राजस्थान | 6,515 | 6,515 | 7,340 | 7,340 | 11,353 | 11,353 | 9,719 | 9,719 | 8,874 | 8,874 | 4,997 | 4,481 |
| 22 | सिक्किम | 286 | 286 | 1,053 | 1,053 | 811 | 811 | 1,008 | 1,008 | 684 | 684 | 335 | 286 |
| 23 | तमिलनाडु | 5,757 | 5,757 | 4,868 | 4,868 | 4,305 | 4,305 | 8,230 | 8,230 | 9,925 | 9,925 | 6,544 | 6,064 |
| 24 | तेलंगाना | 3,048 | 3,048 | 2,907 | 2,907 | 3,458 | 3,458 | 3,622 | 3,622 | 6,117 | 6,117 | 6,325 | 5,336 |
| 25 | त्रिपुरा | 175 | 175 | 1,026 | 1,026 | 1,085 | 1,085 | 1,156 | 1,156 | 1,546 | 1,546 | 459 | 444 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 13,375 | 13,375 | 18,768 | 18,768 | 13,944 | 13,944 | 21,453 | 21,453 | 28,114 | 28,114 | 15,598 | 13,378 |
| 27 | उत्तराखंड | 2,940 | 2,940 | 2,800 | 2,800 | 2,112 | 2,112 | 3,219 | 3,219 | 4,545 | 4,545 | 3,049 | 2,628 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 2,665 | 2,665 | 2,658 | 2,658 | 3,642 | 3,642 | 3,053 | 3,053 | 3,543 | 3,543 | 1,847 | 1,355 |
| 29 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 267 | 267 | 349 | 349 | 246 | 246 | 143 | 143 | 96 | 96 | 111 | 111 |
| 30 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 2 | 2 | 6 | 6 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | दादरा एवं नागर हवेली | 0 | 0 | 43 | 43 | 30 | 30 | 26 | 26 | 2 | 2 | 100 | 3 |
| 32 | दमन और दीव | 0 | 0 | | | | | | | | | | |
| 33 | दिल्ली / मुख्यालय | -743 | -743 | -1,482 | -1,482 | 3,961 | 3,961 | 7,164 | 7,164 | 3,223 | 3,223 | 2,284 | 2,265 |
| 34 | जम्मू और कश्मीर | 2,256 | 2,256 | 2,932 | 2,932 | 6,817 | 6,817 | 7,370 | 7,370 | 10,528 | 10,528 | 7,044 | 6,421 |
| 35 | लद्दाख | 0 | 0 | 24 | 24 | 352 | 352 | 574 | 574 | 658 | 658 | 697 | 646 |
| 36 | पुडुचेरी | 1 | 1 | 21 | 21 | 1 | 1 | 61 | 61 | 35 | 35 | 28 | 20 |

वर्ष के दौरान राज्य के सामने ऋणात्मक आंकड़ा उस राज्य से अन्य राज्य को परियोजना/व्यय के अंतरण को इंगित करता है।

*****